# <u>गुरु नानक कॉलेज धनबाद में BCA एव□BBA प्रवेश समारोह का भव्य आयोजन</u>

धनबाद। गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के वोकेशनल स्टडीज़ विभाग द्वारा दिनांक 1 सितम्बर 2026 को बैंक मोड़ शाखा स्थित मल्टीपरपस हॉल में BCA विभाग का 16वाँ एवं BBA विभाग का 5वाँ प्रवेश समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर लगभग 190 नव-नामांकित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ

शबद गायन से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन द्वारा कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना दास ने स्वागत भाषण में छात्रों को अनुशासन एवं नियमित कक्षाओं की महत्ता पर बल देते हुए निरंतरता बनाए रखने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही उन्होंने कॉलेज के विभिन्न सुविधाओं के बारे में भी बच्चों को अवगत कराया।

प्रो. पुष्पा तिवारी (BCA विभाग समन्वयक) ने तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी एवं विभागीय वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

वहीं प्रो. संजय कुमार सिन्हा (BBA विभाग समन्वयक) ने कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को भविष्य के लिए तइयार रहने का संदेश दिया।

गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सचिव सरदार मंजीत सिंह ने युवाओं को शिक्षा का महत्व समझाते हुए जीवन में अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने सभी प्रस्तुतकर्ताओं एवं कार्यक्रम में शामिल लोगों की सराहना की।

प्रो. उदय कुमार सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में कॉलेज शासी निकाय एवं गुरुद्वारा समिति के पदाधिकारी — सरदार आर एस चहल (अध्यक्ष, कॉलेज शासी निकाय), सरदार मंजीत सिंह सलूजा (सचिव, कॉलेज शासी निकाय), सरदार

जे.एस. मांझा (अध्यक्ष, गुरुद्वारा प्रबंधक समिति), सरदार एस.एस. मेहता एवं सरदार वारियांम सिंह (सदस्य, गुरुद्वारा प्रबंधक समिति) — सहित अनेक प्राध्यापक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

शिक्षकों में प्रमुख रूप से  प्रो. संतोष कुमार (HOD कॉमर्स) , डॉ. वर्षा सिंह, प्रो. साधना सिंह, डॉ. सोनू प्रसाद यादव, प्रो. ममता, प्रो. अंशुमन, प्रो. स्नेहल गोस्वामी, प्रो. प्रियंका, प्रो. कौशिक , प्रो सोनी, प्रो. दीप्ति आदि  उपस्थित रहे।

इन सभी गणमान्य अतिथियों एवं शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को और भी विशेष बना दिया।

कॉलेज की छात्रा मरियम एवं सचिन ने फीडबैक प्रस्तुत किया। BCA एवं BBA विभाग के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नंदिनी, भूमिका, आकांक्षा, महक, अनुष्का, ऐश्वर्या, प्राची, श्रेया, संध्या, कशिश, प्रियंका, संजना, प्रिंसी, महावीर, प्रिया, अलस्नम आदि प्रमुख रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन ऋतिका एवं अंजली ने कुशलता से किया।

समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने बड़े गुरुद्वारे में सामूहिक लंगर का आनंद लिया।

यह प्रवेश समारोह नव छात्रों के लिए प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं उत्साह का स्रोत बना। यह आयोजन उनके शैक्षणिक जीवन की सशक्त शुरुआत का प्रतीक है और कॉलेज की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को और भी समृद्ध करता है।

# Picture Gallery














GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
NAAC Accredited